भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 762
दिनांक 23 जुलाई, 2026

पश्चिम बंगाल में पाइप से प्राकृतिक गैस कनेक्शन प्रदान करना

†762. **श्री दीपक अधिकारी (देव):**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पश्चिम बंगाल में पाइप से प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ख) 30.06.2026 की तिथि के अनुसार, पीएनजी कनेक्शन प्रदान करने के संबंध में हासिल की गई उपलब्धियों का शहर-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उन शहरों का शहर-वार ब्यौरा क्या है और जहाँ पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए जाने हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग): पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना नगर गैस वितरण(सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ,घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक इकाइयाँ को पीएनजी आपूर्ति करने के लिए पाइपलाइन अवसंरचना और अन्य सुविधाओ का निर्माण करना शामिल है। यह पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा 'न्यूनतम कार्य कार्यक्रम' (एमडब्ल्यूपी) और तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अनुसार किया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल राज्य में, पीएनजीआरबी ने सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए 10 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) को प्राधिकृत किया है जिसका लक्ष्य मार्च 2032 तक 1,46,08,899 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान करना है। दिनांक 31.05.2026 तक, सीजीडी कंपनियों ने पश्चिम बंगाल राज्य में 1,62,123 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। दिनांक 31.05.2026 तक पश्चिम बंगाल राज्य में घरेलू पीएनजी कनेक्शन की जिले-वार प्रगति का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

'पश्चिम बंगाल में पाइप से प्राकृतिक गैस कनेक्शन प्रदान करना' के संबंध में श्री दीपक अधिकारी (देव) द्वारा दिनांक 23.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.762 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क्र. सं.	जीए आईडी	जीए का नाम	राज्य	कवर किए गए जिले	अधिकृत संस्था का नाम	घरेलू पीएनजी कनेक्शन
1.	11.62	अलीपुरद्वार और कोच बिहार	पश्चिम बंगाल	अलीपुरद्वार जिला	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	12794
2.	11.6	पुरुलिया और बांकुरा जिले	पश्चिम बंगाल	बांकुरा जिला	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	40336
3.	11ए.03	बीरभूम, मुर्शिदाबाद, मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले	पश्चिम बंगाल	बीरभूम	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	7000
4.	9.86	बर्दवान जिला	पश्चिम बंगाल	बर्दवान जिला	इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	15494
5.	11ए.03	बीरभूम, मुर्शिदाबाद, मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले	पश्चिम बंगाल	दक्षिण दिनाजपुर	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	0
6.	10.47	दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और उत्तर दिनाजपुर जिले	पश्चिम बंगाल	दार्जिलिंग जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	4314
7.	11.61	पूर्वी मेदनीपुर, पश्चिमी मेदनीपुर और झारग्राम जिले	पश्चिम बंगाल	पूर्व मेदनीपुर जिला	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	0
8.	10.48	हावड़ा (ईएएए) जिला और हुगली (ईएएए) जिला	पश्चिम बंगाल	हुगली जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	9776
	99.14	कोलकाता नगर निगम और आसपास के जिलों के कुछ हिस्से	पश्चिम बंगाल		बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड	51
9.	99.14	कोलकाता नगर निगम और आसपास के जिलों के कुछ हिस्से	पश्चिम बंगाल	हावड़ा जिला	बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड	0
	10.48	हावड़ा (ईएएए) जिला और हुगली (ईएएए) जिला	पश्चिम बंगाल		हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	0
10.	10.47	दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और उत्तर दिनाजपुर जिले	पश्चिम बंगाल	जलपाईगुड़ी जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	5699
11.	11.61	पूर्वी मेदनीपुर, पश्चिमी मेदनीपुर और झारग्राम जिले	पश्चिम बंगाल	झारग्राम जिला	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	0

12.	11.62	अलीपुरद्वार और कोच बिहार	पश्चिम बंगाल	कोच बिहार जिला	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	22853
13.	99.14	कोलकाता नगर निगम और आसपास के जिलों के कुछ हिस्से	पश्चिम बंगाल	कोलकाता जिला	बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड	2783
14.	11ए.03	बीरभूम, मुर्शिदाबाद, मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले	पश्चिम बंगाल	मालदाह	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	740
15.	11ए.03	बीरभूम, मुर्शिदाबाद, मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले	पश्चिम बंगाल	मुर्शिदाबाद	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	0
16.	10.49	नदिया (ईएएए) जिला और उत्तर 24 परगना (ईएएए) जिला	पश्चिम बंगाल	नादिया जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	17167
	99.14	कोलकाता नगर निगम और आसपास के जिलों के कुछ हिस्से	पश्चिम बंगाल		बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड	1540
17.	10.49	नदिया (ईएएए) जिला और उत्तर 24 परगना (ईएएए) जिला	पश्चिम बंगाल	उत्तर 24 परगना जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	60
	99.14	कोलकाता नगर निगम और आसपास के जिलों के कुछ हिस्से	पश्चिम बंगाल		बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड	2514
18.	11.6	पुरुलिया और बांकुरा जिले	पश्चिम बंगाल	पुरुलिया जिला	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	14244
19.	10.5	दक्षिण 24 परगना (ईएएए) जिला	पश्चिम बंगाल	दक्षिण 24 परगना जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	1162
	99.14	कोलकाता नगर निगम और आसपास के जिलों के कुछ हिस्से	पश्चिम बंगाल		बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड	0
20.	10.47	दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और उत्तर दिनाजपुर जिले	पश्चिम बंगाल	उत्तर दिनाजपुर जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	3596
21.	11.61	पूर्वी मेदनीपुर, पश्चिमी मेदनीपुर और झारग्राम जिले	पश्चिम बंगाल	पश्चिम मेदनीपुर जिला	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	0
कुल						**162123**

(स्रोत: पीएनजीआरबी)

*****